

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 अंक : डिजिटल बीकानेर : बुधवार 02 सितम्बर 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 1.00 रुपया


## तय बैठक नहीं, फिर भी मोदी-जिनपिंग की हुई मुलाकात, हाथ मिलाकर की बातचीत

# आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने पर दिया जोर

### बिश्केक में एससीओ सम्मेलन के दौरान आमने-सामने आए दोनों नेता

**बिश्केक ( एजेंसी )।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में चल रहे शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अचानक मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत भी की। दोनों के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक पहले से निर्धारित नहीं थी। इस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी दोनों नेताओं के साथ नजर आए। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों से एकजुट होकर कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे रवैये की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

### आतंकवाद के पूरे तंत्र पर कार्रवाई जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केवल आतंकवादियों को पकड़ना या उनके खिलाफ कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए उसके पूरे तंत्र पर प्रहार करना होगा। आतंकवाद की आर्थिक मदद, आतंकियों की भर्ती, कट्टरपंथ और उन्हें मिलने वाली सुरक्षित पनाहगाहों को समाप्त करना जरूरी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में मोदी ने कहा कि किसी देश के लिए आतंकवाद सही और दूसरे के लिए गलत नहीं हो सकता। सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ समान रूप से सख्त नीति अपनानी होगी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर दूर-दूर तक पहुंचता है। देशों के बीच विवादों का समाधान युद्ध के बजाय बातचीत और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। मोदी ने एससीओ को केवल सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग का मंच नहीं, बल्कि विभिन्न सभ्यताओं, संस्कृतियों और विचारों को जोड़ने वाला माध्यम भी बताया।



### पुतिन बोले- नए युद्ध को भड़कने से रोकना होगा

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के 87 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया को ऐसी घटनाओं और उकसावे से बचना चाहिए, जो नए युद्ध का कारण बन सकते हैं। उन्होंने देशों से मिलकर काम करने और नए संघर्षों को रोकने की दिशा में प्रयास जारी रखने की अपील की।

### दुनिया के सबसे बड़े क्षेत्रीय संगठनों में एससीओ

पुतिन ने कहा कि कुछ देशों के छोटे समूह के रूप में शुरू हुआ शंघाई सहयोग संगठन अब दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन बन चुका है। उनके अनुसार, संगठन के सदस्य देशों में दुनिया की करीब आधी आबादी रहती है और ये देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग एक-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## मोदी की फिर अपील- जरूरत न हो तो सोना न खरीदें



### 7.8 प्रतिशत विकास दर को बताया देशवासियों की मेहनत का परिणाम

### आर्थिक वृद्धि पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बधाइ

### विदेश यात्रा और विदेश में शादी से बचने की अपील, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को बताया विकास का आधार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत दर्ज होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देशवासियों को बधाई दी। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इस उपलब्धि को जनता की इच्छाशक्ति, मेहनत और सामूहिक शक्ति का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास की इस रफ्तार को आगे भी बनाए रखना होगा। प्रधानमंत्री ने गैर-जरूरी सोने की खरीद से बचने की अपनी अपील भी दोहराई। उन्होंने कहा कि अगर सोने की जरूरत नहीं है तो उसे खरीदने से बचना चाहिए। इससे पहले 11 मई को भी उन्होंने देशवासियों से सोने की अनावश्यक खरीदारी नहीं करने का आग्रह किया था।

### वैश्विक चुनौतियों के बीच हासिल की 7.8 प्रतिशत विकास दर

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भारत ने 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। उन्होंने दावा किया कि देश के भीतर कुछ लोग निराशा फैलाने और झूठ की गूंज के सहारे माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक विकास की वर्तमान गति को बनाए रखने के साथ ही आने वाले समय में इसे और तेज करने की दिशा में काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अनावश्यक विदेश यात्राओं और विदेश में शादी करने से बचने की अपील की।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी प्राथमिकी रद्द कीं

### नई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं होगी


### फैसले के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लिया

### आपराधिक रिकॉर्ड वाले प्रदर्शनकारियों को राहत नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 20 से 25 जुलाई के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी रद्द करने का आदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन प्रदर्शनकारियों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उन्हें इस राहत का लाभ नहीं मिलेगा। आदेश देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज संबंधित मामलों पर लागू होगा।

अदालत के फैसले के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित विरोध मार्च वापस लेने का निर्णय लिया। संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार के आश्वासन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मार्च नहीं निकालने का फैसला किया गया है। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि संगठन को आशंका थी कि सरकार के साथ बातचीत के बावजूद उसके साथ विश्वासघात हो सकता है। इसी वजह से 5 सितंबर को मार्च निकालने का निर्णय लिया गया था। अभिजीत दीपके ने भी फैसले को छात्रों की जीत बताया। संगठन ने कहा कि छात्रों के खिलाफ चल रहे मुकदमे समाप्त होने से उनकी मांगों को न्याय मिला है।

उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को दिल्ली में संगठन के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई थी।



### अनुच्छेद 142 के तहत मिली विशेष शक्ति का इस्तेमाल

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्राथमिकी रद्द करने का फैसला इस मामले के विशेष तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इसलिए इसे दूसरे मामलों के लिए उदाहरण या बाध्यकारी निर्णय नहीं माना जाएगा। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल करते हुए राहत दी। इसके साथ यह शर्त भी रखी गई कि दोनों पक्ष अदालत के समक्ष हुए समझौते का पूरी तरह पालन करेंगे।

### सरकार ने दाखिल किया था अंतरिम आवेदन

प्रदर्शन से जुड़े मामलों में राहत के लिए सरकार की ओर से 31 अगस्त को दिल्ली पुलिस की याचिका के साथ अंतरिम आवेदन दाखिल किया गया था। इसमें कहा गया था कि 25 जुलाई के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस प्रदर्शन से संबंधित 13 प्राथमिकी को आगे नहीं चलाना चाहती। अंतरिम आवेदन उस स्थिति में दाखिल किया जाता है, जब किसी मुख्य मुकदमे या याचिका की सुनवाई के दौरान तत्काल या अस्थायी राहत की मांग की जाती है।

## गोवा-दिल्ली उड़ान के इंजन में खराबी, 14 हजार फीट से लौटा विमान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2102 के एक इंजन में उड़ान भरने के कुछ देर बाद तकनीकी खराबी सामने आई। स्थिति को देखते हुए विमान को वापस गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे लाया गया, जहां उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार सभी 229 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। विमान ने मंगलवार सुबह गोवा से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान के कुछ ही समय बाद इंजन से जुड़ी तकनीकी समस्या का पता चला। इसके बाद पायलटों ने निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया का पालन करते हुए विमान को वापस मोड़ने का निर्णय लिया। उड़ान की निगरानी से जुड़े आंकड़ों के अनुसार, विमान वापस लौटते समय करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर था।

# संजय के. अग्रवाल होंगे राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के तबादले की सिफारिश की

### जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख का मुख्य न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव

**लोकमत संवाद,जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को जल्द नया मुख्य न्यायाधीश मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 31 अगस्त को हुई बैठक में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल का राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर तबादला करने की सिफारिश की है। वहीं राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश पुष्पेंद्र भाटी को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम की सिफारिश के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे संजीव प्रकाश शर्मा के स्थान पर नए मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्तमान में जस्टिस शर्मा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं।



जस्टिस संजय के अग्रवाल

### वकीलों ने किया था विरोध

नए मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश से ठीक पहले सोमवार को जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के खिलाफ वकीलों ने प्रदर्शन किया था। वकीलों के एक समूह ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष के बाहर नारेबाजी की। विरोध के चलते बड़ी संख्या में अधिवक्ता उनकी अदालत में सुनवाई के लिए पेश नहीं हुए और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की अदालत का बहिष्कार किया गया।

### जस्टिस मेहता के पत्र के बाद बढ़ा विवाद

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की कार्यशैली को लेकर विवाद उस समय सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश को लिखे गए पत्र सार्वजनिक हुए। इन पत्रों में जस्टिस मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें राजस्थान से हटाने की मांग की थी। इसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट के कुछ अधिवक्ताओं ने भी कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ विरोध का रुख अपनाया। अब कॉलेजियम की ओर से जस्टिस संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश किए जाने से घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है।

# नेपाल में फिर बाढ़ का खतरा, सात जिलों में अलर्ट; आपदा में मृतकों की संख्या एक हजार के पार

## नदियों का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने जारी की चेतावनी



### नेपाल में 987 और तिब्बत में 16 मौतें, चितवन में सबसे ज्यादा 321 शव मिले; 4400 से अधिक लोग अब भी लापता

**काठमांडू ( एजेंसी )।** नेपाल में एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन ने सात जिलों में नया अलर्ट जारी किया है। रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन में नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी थी। इस आपदा में नेपाल और तिब्बत में मृतकों की संख्या एक हजार से अधिक हो चुकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नेपाल में 987 और तिब्बत में 16 लोगों की मौत हुई है। चितवन जिले में अब तक सबसे अधिक 321 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, 4400 से ज्यादा लोग

## उत्तर भारत में बारिश का कहर, उत्तराखंड में पांच मौतें; चित्रकूट में 80 से ज्यादा मकान ढहे

### देहरादून में बरसाती नदी में बही कार, दो की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर भारत के कई राज्यों में मानसून एक बार फिर कहर बरपा रहा है। उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। देहरादून में बरसाती नदी में कार बहने से दो लोगों की जान चली गई, जबकि अल्मोड़ा के उड़यूड़ा गांव में पहाड़ी से आया मलबा एक घर में घुस गया। हादसे के समय घर में सो रहे तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। केदार घाटी में लगातार बारिश को देखते हुए केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। सोनप्रयाग से यात्रियों को धाम की ओर रवाना नहीं किया जा रहा है। प्रशासन और संबंधित विभाग हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

### चित्रकूट में बाढ़ से 80 से ज्यादा कच्चे मकान गिरे

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के उफान पर आने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। नदी में बढ़े जलस्तर के कारण 80 से ज्यादा कच्चे मकान ढह गए हैं। कई इलाकों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चंदौली में भी तेज बारिश के बीच झरने में फंसे पर्यटकों को पुलिस और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, उत्तराखंड के बागेश्वर-गरुड़ मार्ग पर रवाईखाल क्षेत्र में पहाड़ी से मलबा आने के कारण सड़क बंद हो गई है।

## सिलेंडर से कार तक महंगा हुआ खर्च, सितंबर से लागू हुए सात बड़े बदलाव

# वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़े, मुंबई में दूध नौ रुपए तक महंगा; टाटा-हुंडई की कारें भी महंगी, हवाई ईंधन और सीएनजी के बढ़े दाम का असर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सितंबर की शुरुआत के साथ आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों और यात्रा से जुड़े खर्चों पर असर डालने वाले कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं। एक सितंबर से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर औसतन 11.50 रुपए महंगा हुआ है। मुंबई में थोक दूध की कीमत में नौ रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा टाटा मोटर्स और हुंडई की कारों की कीमतें बढ़ गई हैं। सीएनजी, घरेलू पीएनजी और हवाई ईंधन भी महंगा हुआ है।

### वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़े

तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में औसतन 11.50 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। कोलकाता में 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 2872.50 रुपए से बढ़कर 2884 रुपए हो गई है। पांच किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी दो रुपए की वृद्धि हुई है और अब इसके लिए 764 रुपए चुकाने होंगे। घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। वाणिज्यिक सिलेंडर महंगा होने से होटल, रेस्तरां और खानपान कारोबार की लागत बढ़ सकती है, जिसका असर आगे चलकर चाय-नाश्ते, भोजन और समारोहों की खानपान सेवाओं पर पड़ सकता है।





### मुंबई में दूध नौ रुपए महंगा

मुंबई में थोक दूध की कीमत एक सितंबर से 93 रुपए से बढ़कर 102 रुपए प्रति लीटर हो गई है। यह नई दर 28 फरवरी 2027 तक लागू रहने की बात कही गई है। तमिलनाडु में भी एविन्स दूध का खरीद मूल्य तीन रुपए प्रति लीटर बढ़ाया गया है। यह 41 रुपए से बढ़कर 44 रुपए हो गया है। दूध की कीमत बढ़ने का असर दही, पनीर और मिठाइयों जैसे उत्पादों पर भी पड़ सकता है। पशुओं के हरे चारे, भूसे, खली, रखरखाव और परिवहन की बढ़ती लागत को कीमत बढ़ने की प्रमुख वजह बताया गया है।

### एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी जरूरी

एलपीजी सब्सिडी जारी रखने के लिए ई-केवाईसी कराने की अंतिम तारीख 31 अगस्त थी। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक जैविक पहचान आधारित सत्यापन नहीं कराया है, उनकी सब्सिडी प्रभावित हो सकती है। गैस बुकिंग को लेकर भी कंपनी के नियमों के अनुसार परेशानी हो सकती है। ऐसे उपभोक्ताओं को जल्द अपनी गैस एजेंसी से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### विदेश जाने वालों को बोर्डिंग पास पर मुहर से राहत

एक सितंबर से विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए इमिग्रेशन काउंटर पर बोर्डिंग पास पर मुहर लगवाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब प्रक्रिया डिजिटल होगी और यात्री मोबाइल फोन में ई-बोर्डिंग पास दिखा सकेंगे। हालांकि पासपोर्ट, वीजा और सुरक्षा जांच से जुड़े अन्य नियम पहले की तरह लागू रहेंगे।

## लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की

### फैसला बेहद मुश्किल और दर्दनाक, बोले- राष्ट्रीय टीम के लिए अपना सब कुछ दे चुका हूं; अब युवा खिलाड़ियों को मिलना चाहिए मौका

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 39 वर्षीय मेसी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर हाथ से लिखे संदेश की तस्वीर साझा करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व कप फाइनल के दो दिन बाद, 21 जुलाई को ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला लिख लिया था। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला विश्व कप का फाइनल रहा, जिसमें अर्जेंटीना को स्पेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मेसी ने बताया कि पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद उन्हें लगा कि अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के साथ उनका सफर समाप्त करने का यही सही समय है। जॉर्ज मेसी का आठ अगस्त को मध्य अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में 68 वर्ष की आयु में निधन हुआ था।



### भावुक संदेश में कहा- अब देने के लिए कुछ नहीं बचा

मेसी ने अपने संदेश में लिखा कि यह फैसला लेना बेहद तकलीफदेह था और आज भी उन्हें भीतर तक दर्द देता है, लेकिन उन्हें लगता है कि अब समय आ गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अर्जेंटीना की जर्सी के लिए हमेशा पूरी ताकत से संघर्ष किया और मैदान पर अपना सब कुछ इसलिए झोंका, ताकि देशवासियों को खुशी मिले और उन्हें अर्जेंटीनी होने पर गर्व महसूस हो। उन्होंने कहा कि समय सीमित है और हर अध्याय का अंत होता है। राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना उन्हें हमेशा पसंद रहा और आगे भी यह भावना उनके भीतर बनी रहेगी। मेसी ने यह भी कहा कि उन्होंने टीम के लिए अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है और अब उनके पास देने के लिए कुछ बाकी नहीं है।




# 'हम और हमारा धर्म संघ' विषय पर विशेष कार्यशाला संपन्न : दक्षिण मुंबई

( खबर आस पास )

**मुंबई,।** परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी की प्रबुद्ध सुशिष्या शासन श्री साध्वी श्री कंचनप्रभा जी एवं शासन श्री साध्वी श्री मंजूरेखा जी आदि साध्वी वृंद के पावन सान्निध्य में महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में 'हम और हमारा धर्म संघ' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का कार्यक्रम गरिमामय संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता का परिचय और अध्यक्षीय संबोधन श्री देवेन्द्र डागलिया ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री दिलीप सरावगी ने धर्म संघ के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान प्रासंगिकता और श्रावक-श्राविकाओं के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तेरापंथ धर्म संघ की अनुशासनात्मक परंपरा और आचार्यों का मार्गदर्शन जीवन निर्माण की अनुपम धरोहर है। प्रत्येक श्रावक को संघ की मर्यादाओं का पालन करते हुए संघोन्नति में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए।

साध्वी वृंद के पावन सान्निध्य व मंगल पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर साध्वी श्री कंचनप्रभा जी व साध्वी श्री मंजूरेखा जी ने श्रद्धालुओं को उद्बोधित करते हुए धर्म संघ के प्रति निष्ठा, गुरु इंगित की आराधना और आध्यात्मिक पुरुषार्थ को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ महिला मंडल,अणुव्रत समिति (दक्षिण मुंबई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर दक्षिण मुंबई के अनेक गणमान्य श्रावक-श्राविकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी दक्षिण मुंबई सभा मंत्री पवन बोलिया ने दी

## लघु उद्योग भारती द्वितीय वाटिका खारा ग्रोथ सेंटर में शुरू, 1100 पौधे लगाए और 1100 वितरित किए



**बीकानेर (खबर आस पास)।** लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में संचालित एक सदस्य-एक पेड़ अभियान में मंगलवार को खारा ग्रोथ सेंटर में लघु उद्योग भारती वाटिका के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 1100 पौधे लगाए गए तथा 1100 पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लालेश्वर महादेव पीठाधीश्वर संवित विमर्शानंद महाराज, मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक जिला उद्योग केंद्र मंजू नैन गोदारा, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के शाखा प्रबंधक राजकुमार मीणा, सीआईडी-सीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामप्रताप गोदारा, बीकेईएसएल के सुरेंद्र चौधरी, लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रांत अध्यक्ष बाल किशन परिहार, खारा ग्रोथ सेंटर संघ अध्यक्ष परमिंदर, बाबा रामदेव सेवा समिति अध्यक्ष विक्रम, समाजसेवी राजाराम धारणिया, भीखाराम चांदमल् से आशीष अग्रवाल तथा न्यूकेम ऑयल मिल से भारत भूषण गर्ग उपस्थित रहे।

लघु उद्योग भारती प्रांत अध्यक्ष बालकिशन परिहार ने कहा कि करणी औद्योगिक क्षेत्र में 1000 पौधों का सघन वन विकसित करने के संकल्प के बाद अब खारा ग्रोथ सेंटर में वाटिका के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण अभियान का विस्तार है। संस्था का उद्देश्य केवल पौधरोपण करना नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। जोधपुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कंसल ने बताया कि 'एक सदस्य-एक पेड़' अभियान को उद्योग जगत, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं आमजन का निरंतर सहयोग मिल रहा है। करणी औद्योगिक क्षेत्र में 1000 पौधों का सघन वन तैयार करने के बाद अब खारा ग्रोथ सेंटर में 1100 पौधे लगाने एवं 1100 पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण से जोड़ना है। खारा इकाई अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, इकाई सचिव लाभू राम एवं उपाध्यक्ष विजय पाल ने खारा ग्रोथ सेंटर में लघु उद्योग भारती वाटिका विकसित करने का संकल्प लिया था और इसके लिए प्रारंभिक कार्य भी शुरू कर दिया था। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती बीकानेर इकाई अध्यक्ष राजेश गोयल, शोभासर इकाई अध्यक्ष दामोदर माहेश्वरी, करनी इकाई अध्यक्ष विनोद धानुका, करनी इकाई सचिव मनोज तलवारिया, जोधपुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश नवहाल एवं इकाई संरक्षक सुभाष मित्तल सहित लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भीखाराम चांदमल की ओर से आशीष अग्रवाल द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं सभी सहभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया।

## डूंगर कॉलेज के 50 रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**बीकानेर (खबर आस पास))।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय निपुण/राज्य पुरस्कार रोवर एवं रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर के 33 रोवर एवं 17 रेंजर, मंगलवार को महाविद्यालय से शिविर स्थल के लिए रवाना हुए। यह प्रशिक्षण शिविर 1 से 5 सितम्बर तक स्काउट गाइड मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र, देवीकुंड सागर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागियों को स्काउटिंग-गाइडिंग के विभिन्न कौशल, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राजेंद्र पुरोहित ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर में पूर्ण उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लेने तथा अर्जित अनुभवों को महाविद्यालय एवं समाज के हित में उपयोग करने का आह्वान किया। मौके पर रेंजर लीडर डॉ. सुनीता गोयल तथा रोवर लीडर डॉ. अनिल बारिया एवं डॉ. विजय कुमार मटोरिया उपस्थित रहे।

## छात्रों को प्रतिभा पहचानने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगा नया मंच : बीकानेर में एईएसएल द्वारा एंथे 2026 लॉन्च




**बीकानेर (खबर आस पास)।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से देश की प्रमुख टैलेंट हंट एवं डायग्नोस्टिक असेसमेंट परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2026 लॉन्च की गई। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को अपनी शैक्षणिक क्षमता, मजबूतियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों को पहचानने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। बीकानेर में मंगलवार को लांचिंग अवसर पर आकाश बीकानेर के एकेडमिक हेड वेद प्रकाश शर्मा, एकेडमिक हेड मेडिकल नविता बिश्नोई, एकेडमिक हेड फाउंडेशन नवीन बंसल, असिस्टेंट डायरेक्टर मोहम्मद शोएब तथा ब्रांच हेड दिग्विजय सिंह जोधा सहित अन्य मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड देशभर में नीट, जी, ओलंपियाड सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शैक्षणिक सेवाएं उपलब्ध कराता है। कंपनी के अनुसार देशभर में इसके 415 से अधिक सेंटर हैं और 4 लाख से अधिक छात्र वर्तमान में इसके विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े हुए हैं। एंथे पिछले 16 वर्षों से आयोजित की जा रही है और अब तक 1 करोड़ से अधिक छात्रों के रजिस्ट्रेशन दर्ज किए जा चुके हैं। परीक्षा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह केवल छात्रों के अंकों का आकलन न करके उनकी कॉन्सेप्ट की समझ, एप्टीट्यूड, एनालिटिकल एबिलिटी और एग्जाम बिहेवियर को भी समझने में मदद करे। एईएसएल के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी के अनुसार एंथे केवल स्कॉलरशिप तय करने वाली परीक्षा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों को अपनी अकादमिक क्षमता और तैयारी के स्तर को समझने में मदद करना है। एंथे 2026 में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शामिल हुआ जा सकता है। ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित होगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। छात्र आधिकारिक एंथे पोर्टल अथवा देशभर में स्थित आकाश सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रिटायर्ड बैंककर्मी लामबंद

### फैमिली पेंशन, आजीवन चिकित्सा सुविधा और पेंशन अपडेशन की मांग को लेकर संघर्ष का ऐलान



**बीकानेर (खबर आस पास)।** बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टाफ सोसायटी, बीकानेर चैप्टर की बैठक होटल दर्शना डाइनिंग में हुई। बैठक में बीकानेर डिवीजन के सेवानिवृत्त बैंककर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित फैमिली पेंशन, आजीवन चिकित्सा सुविधा एवं पेंशन अपडेशन की मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सोसायटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बीकानेर डिवीजन अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इन लंबित मुद्दों के समाधान के लिए अब संसदीय समिति के माध्यम से प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मांगों को लेकर रिजर्व बैंक सहित संबंधित उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे, ताकि आईसीआईसीआई बैंक मे लंबे समय से लंबित इन मुद्दों का शीघ्र समाधान हो सके।

बीकानेर डिवीजन के सचिव सुरेंद्र सिंह नाथावत ने आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधन पर दबाव बनाने की रणनीति सांझा करते हुए विभिन्न प्रावधानों के आधार पर आंदोलन की जानकारी दी और संगठन की ओर से किए जाने वाले प्रयासों की रूपरेखा रखी।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने तीनों मांगों को लेकर संगठन के साथ एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने एक स्वर मे कहा कि मांगों के समाधान के लिए संगठन द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों एवं संघर्ष में वे पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर संगठन की मजबूती और भावी कार्यक्रमों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## अक्षय पात्र की केंद्रीयकृत रसोई का सीईओ शैलजा पांडे ने किया औचक निरीक्षण

### स्वचालित रोटी मेकर से भोजन निर्माण, पैकिंग एवं विद्यालयों तक वितरण व्यवस्था का लिया जायजा



(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शैलजा पांडे ने मंगलवार को डाइट परिसर स्थित अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा संचालित केंद्रीयकृत रसोईघर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रसोईघर में भोजन निर्माण से लेकर पैकिंग एवं संबंधित विद्यालयों तक वितरण की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पांडे ने केंद्रीयकृत रसोईघर में स्थापित स्वचालित रोटी मेकर सहित दाल, सब्जी एवं चावल तैयार करने में उपयोग किए जा रहे विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया। उन्होंने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, तैयार भोजन की पैकिंग तथा निर्धारित विद्यालयों तक इसके सुरक्षित एवं समयबद्ध वितरण की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सीईओ ने रसोईघर के अधिकारियों एवं कार्मिकों से संवाद करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं और दैनिक कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने भोजन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के भंडारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा रसोईघर में अपनाई जा रही प्रक्रियाओं का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान श्रीमती पांडे ने रसोईघर में कार्यरत महिलाओं से भी संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से उनके कार्य, दैनिक गतिविधियों तथा रसोईघर में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भोजन निर्माण एवं अन्य कार्यों में महिलाओं की भूमिका तथा कार्य व्यवस्था को समझते हुए रसोईघर की समग्र कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रसोईघर में सामग्री के भंडारण, साफ-सफाई तथा भोजन निर्माण से संबंधित व्यवस्थाएं सुचारू एवं व्यवस्थित पाई गईं। श्रीमती पांडे ने भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के मानकों को निरंतर बनाए रखने तथा विद्यार्थियों तक पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बीकानेर श्री अरुण कुमार शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर श्री किशन दान चारण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने केंद्रीयकृत रसोईघर की कार्यप्रणाली, भोजन निर्माण एवं वितरण से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

विदित है कि ज़िला मुखालय से करीब 20 किमी की परिधि में स्थित 225 सरकारी स्कूलों में मिड डे मील का खाना यही पर तैयार कर सप्लाई किया जाता है॥

## सती माता मंदिर में 6 सितंबर को होगा 69वां मंगल पाठ

### जसवंतजी जन्मोत्सव सहित होंगे विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन

**बीकानेर (खबर आस पास)।** डाभी अमावस्या पर सती माता मंगल पाठ समिति की ओर से मां सती माता मंदिर, हाडीकुंडी बगेची में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होंगे। भादवा बदी दशमी 6 सितंबर को सामूहिक रूप से 69वां मंगल पाठ, जसवंत जी जन्मोत्सव तथा भांत-भांत को मीठो चरखो उत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान घर-घर से एक कटोरी भोग, दीपमालिका, महाआरती एवं महाप्रसाद सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। समिति की ओर से समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9:15 बजे गणेश पूजन से शुरू होंगे। इसके बाद सुबह 9:30 बजे पंचामृत अभिषेक, सुबह 10 बजे श्रृंगार एवं पूजन, दोपहर 1:15 बजे मीठो चरखो उत्सव एवं भोग,दोपहर 2 बजे ज्योत प्रज्ज्वलन, दोपहर 2:15 बजे से मंगल पाठ होंगे। शाम 4:15 बजे मीठो चरखो प्रसाद, 5:15 बजे बम्पर लक्की ड्रॉ और शाम 6:15 बजे जसवंत जी जन्मोत्सव, शाम 7 बजे दीप मालिका, 7:30 बजे महाआरती और 8 बजे से महाप्रसाद होगा।आयोजन में लक्की ड्रॉ एवं खजाना पोटली भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

डाभी अमावस्या 11 सितंबर को सुबह अग्र बंधु अपने घर से पूजन सामग्री, लापसी,पुडा, चावल, पेड़ा, नारियल, प्रसाद का थाल का सजाकर सपरिवार सहित मां सती माता पूजन को आएंगे। सामाजिक आयोजन को सफल बनाने में बुलाकी दास, राजेंद्र (राजू बाबू), मनोज कुमार गोयल, दीपक अग्रवाल (बीकाजी ग्रुप), श्रीभगवान, केदारनाथ एवं राम निवास भक्तजनों को साथ लेकर सक्रियता लगे हुए हैं।

## मूंधड़ा विंग में फिर मरीज के परिजनों व अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद

### आरोप : व्हीलचेयर के अभाव में मरीज की मौत

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर के पीबीएम अस्पताल स्थित सीएम मूंधड़ा विंग में मंगलवार को एक बार फिर मरीज के परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद की स्थिति बन गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इमरजेंसी से वार्ड में मरीज को शिफ्ट करने के लिए समय पर व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे इलाज में देरी हुई और मरीज की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय रोशन को इमरजेंसी से वार्ड में शिफ्ट किया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत गंभीर थी और उसकी सांस फूल रही थी। उन्होंने कई बार स्टाफ से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बावजूद व्हीलचेयर नहीं मिली। परिजनों का कहना है कि इसी दौरान मरीज की तबीयत लगातार बिगड़ती गई और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल परिसर में विरोध जताते हुए ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना के बाद अस्पताल में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया।